CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 294 □ रायपुर, गुरुवार 19 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बोले राहुल गांधी '2014 चुनाव में गड़बड़ी के सबूत थे, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने कहा था- 300 प्रतिशत पक्के सबूत बिना मत बोलिए'

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चुनावों में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बावजूद पार्टी



द्वारा चुनाव बहिष्कार करने की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया से दूर रहने का अर्थ भारतीय लोकतंत्र को त्याग देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने 2014 और 2024 के लोकसभा चुनावों तथा भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कई बड़े दावे किए। उन्होंने तर्क दिया कि चुनावों से दूर रहने का मतलब भारतीय लोकतंत्र को छोड़ देना होगा। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान, गांधी ने दावा किया कि उनके पास 2014 के लोकसभा चुनावों में हुई गड़बड़ियों के सबूत थे, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें इस बारे में न बोलने की सलाह दी थी। पार्टी का जोर इस बात पर था कि चुनावी प्रक्रिया पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने से पहले 100, 200, 300 प्रतिशत सबूत होने चाहिए। बुधवार को अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा।

बाल ठाकरे की तस्वीर फाड़ने पर बवालः शाइना एनसी के खिलाफ सड़क पर उतरा उद्धव गुट, हिरासत में कई कार्यकर्ता

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मुंबई में गुरूवार को शिवसेना (यूबीटी) के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिवसेना नेता शाइना एनसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन पर एक कार्यक्रम के दौरान दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर फाड़ने का आरोप है। प्रदर्शन के बाद कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। दादर स्थित शिवसेना (यूबीटी) के मुख्यालय सेना भवन के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारी जुटे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने शाइना एनसी के खिलाफ नारेबाजी की और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिसर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के कई समर्थकों को हिरासत में लिया गया। दरअसल, बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। इसमें शाइना एनसी समेत पार्टी के नेताओं ने सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग- ए जर्नी ऑफ लव' की प्रतियां फाड़ी थीं।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी कह रहें हैं कि देश आर्थिक तबाही के कगार पर है..!
चुहिया- हां जी, लेकिन पीएम मोदी तो बता रहें हैं 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए..!

लकड़ी फोड़ने के विवाद में खूनी संघर्ष

दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट एक की मौत, दो युवक गंभीर

बिलासपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। न्यायधानी बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में लकड़ी फोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। अटल आवास के डी ब्लॉक में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में मयंक ध्रुव नामक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष के गोपाल समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का सिम्स अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, आग तापने के लिए लकड़ी फोड़ने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर जानलेवा हमले किए गए।

इस मारपीट में मयंक ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गया,



जिसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष के गोपाल समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस विवाद के कारणों और मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

मारपीट से तंग आकर पत्नी ने पति का कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

मोहला-मानपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में घरेलू हिंसा का खौफनाक अंजाम सामने आया है। शराब के नशे में रोजाना मारपीट करने वाले पति से परेशान पत्नी ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात खड़गांव थाना क्षेत्र के सिवनी गांव की है। पुलिस ने हत्या के आरोप में पत्नी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में दुर्ग जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 नवंबर की रात कारजू राम पुराम शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी मालती बाई के साथ मारपीट करने लगा। बताया जा रहा है कि पति की रोज-रोज की प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने आपा खो दिया। इसी दौरान उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से पति के चेहरे, गर्दन और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोटों के चलते कारजू राम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के अगले दिन



मृतक की मां जांगय बाई ने खड़गांव थाने पहुंचकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस ने खून लगी कुल्हाड़ी और अन्य साक्ष्य जब्त किए। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी मालती बाई से पूछताछ की। पूछताछ में उसने पति पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने 18 नवंबर को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी मालती बाई को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में दुर्ग जेल भेज दिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

'12-13 साल में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले': पीएम मोदी बोले- गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की 100वीं वार्षिक महासभा और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति, गरीबी उन्मूलन और भारतीय उद्योग जगत की भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा कि पिछले 12-13 वर्षों में देश के 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि 70 के दशक में जब देश में %गरीबी हटाओ% का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी। गरीबी उस समय भी दूर हो सकती थी, लेकिन नीतियों में कमी रही और दुर्भाग्य से नीयत में भी कमी थी। फिक्की इस बात का साक्षी है। उन्होंने कहा कि जब सही नीयत से काम हुआ और सरकार सही दिशा में आगे बढ़ी तो सिर्फ 12-13 वर्षों में 50 करोड़ गरीब गरीबी से बाहर निकल आए। यह दिखाता है कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह सही और सटीक है। इसमें देश की सफलता की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 100 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने कई दौर देखे हैं। देश ने लाइसेंस-कोटा राज देखा, राष्ट्रीयकरण का असफल प्रयोग भी देखा। इसके बाद 21वीं सदी में एक ऐसा दौर आया, जब भारतीय अर्थव्यवस्था को फ्रेजाइल फाइव में गिना जाने लगा। हालांकि, पिछले 12 वर्षों में देशवासियों ने अपनी मेहनत से इस स्थिति को बदला है। इसमें युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का बड़ा योगदान रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि सिर्फ गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत में प्रगति की गति बहुत तेज है। इसके साथ ही गरीबी से बाहर निकलने की रफ्तार भी काफी तेज है।

प्रतापपुर विधायक के जाति का मुद्दा फिर गरमाया

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने का लगाया आरोप



सूरजपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के जाति का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है. अबकी बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मुद्दा उठाते हुए विधायक पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने का आरोप लगाया है। प्रतापपुर के ग्राम गोटगवां में कांग्रेस का वोट बचाओ, देश बचाव कार्यक्रम आयोजित था. इस अवसर पर मौजूद दीपक बैज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के विधायक का मामला कोर्ट में लगा हुआ है. यहां के लोग लड़ रहे हैं कि हमारे विधायक आदिवासी नहीं हैं. राज्य स्तर पर कागज भी वापस आ गया है. जिस विधायक ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर जनता को ठगने का काम किया, उससे सावधान रहने की आवश्यकता है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र दुबे के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव समेत कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेता मौजूद थे. बता दें कि प्रतापपुर विधानसभा से विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र का मामला न्यायालय में लंबित है. ऐसे में छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का यह बयान सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

अमित बघेल को हेट स्पीच के मामले में सर्वोच्च न्यायालय से मिली नियमित जमानत, रायपुर जिले से बाहर रहने की शर्त भी हटाई

रायपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संस्थापक एवं जोहार छत्तीसगढ़िया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को हेट स्पीच से संबंधित 14 आपराधिक प्रकरणों में नियमित जमानत दे दी है। इसके साथ ही रायपुर जिले से बाहर रहने की शर्त भी हटा दी है। बता दें कि अमित बघेल के खिलाफ मामला 26 अक्टूबर 2025 को रायपुर के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा से तोड़फोड़ की



घटना के बाद शुरू हुए विवाद से जुड़ा है। इस घटना के बाद बघेल ने अग्रवाल और सिंधी समाज के आराध्य देवताओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद अलग-अलग पुलिस थानों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गईं। रिपोर्टों के मुताबिक, इस विवाद में कुल 14 एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसके बाद दिसंबर 2025 में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी।

गिरफ्तारी के बाद अमित बघेल ने जमानत के लिए बिलासपुर हाईकोर्ट का रुख किया था। अदालत ने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी, लेकिन तीन अलग-अलग मामलों में तीन महीने की सशर्त अंतरिम जमानत दी थी। इस दौरान उन्हें रायपुर जिले की सीमा से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था. उक्त सशर्त अंतरिम जमानत की अवधि 22.10.2026 को समाप्त हो गई थी। अवधि पूरी होने के बाद उन्होंने बुधवार को अदालत में सरेंडर किया था।

उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बघेल ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका प्रस्तुत की थी। याचिका में सर्वोच्च न्यायालय ने 28.10.2026 को पारित आदेश के माध्यम से बघेल को हेट स्पीच से संबंधित सभी 14 प्रकरणों में आत्मसमर्पण करने हेतु दो सप्ताह का समय प्रदान किया था।

बर्बरीक ग्रुप पर आयकर विभाग का शिकंजा, घर और ऑफिस में दस्तावेजों की जांच

रायपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सूरजपुर जिले के बर्बरीक के ठिकानों पर दबिश दी है। आईटी की टीम श्याम मंदिर रोड स्थित घर और ऑफिस में दस्तावेजों की जांच कर रही है। इस कार्रवाई के बाद कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि आईटी ने कल बुधवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में दबिश दी थी।



आपको बता दें कि आईटी की टीम ने कल 18 नवंबर की सुबह 6 बजे दबिश दी थी। जानकारी के अनुसार, राजधानी रायपुर में बर्बरीक ग्रुप के कई ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम सुबह से पहुंची और कई ठिकानों पर एक साथ दस्तावेजों की जांच की। संचालक श्रवण अग्रवाल के निवास पर टीम ने दबिश दी थी। राजधानी के अलावा बिलासपुर और रायगढ़ में भी आईटी की टीम सुबह से पहुंची हुई थी। दस्तावेजों और अन्य जरूरी साक्ष्य खंगाले गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कार्रवाई में क्या-क्या दस्तावेज या अन्य सामग्री मिली है।

आयकर विभाग ने इस पूरी कार्रवाई को बड़े स्तर पर अंजाम दिया है। इसके लिए 100 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की कई टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों में एक साथ पहुंचीं और संबंधित कारोबारी समूहों के ठिकानों पर जांच शुरू की।


बांग्लादेश में फिर तख्तापलट की आहटः 28 जिलों में हिंसा-आगजनी व ढाका में बम धमाके, यूनुस के पैतृक घर को लगाई आग

नई दिल्ली, 19 नवम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश में एक बार फिर सत्ता की कुर्सी हिलाने वाले हालात बनते दिखाई दे रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के देशव्यापी लॉकडाउन के आह्वान के बीच ढाका से चटगांव तक हिंसा भड़क उठी है। कहीं बम धमाके हो रहे हैं तो कहीं राजनीतिक नेताओं के घरों और पार्टी कार्यालयों को आग के हवाले किया जा रहा है। पूर्व अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पैतृक घर भी निशाने पर आ गया। सवाल उठने लगा है कि क्या बांग्लादेश एक बार फिर बड़े राजनीतिक विस्फोट की ओर बढ़ रहा है? बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बृहस्पतिवार तड़के कई जगहों पर बम धमाके हुए, जबकि चटगांव में पूर्व की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के पैतृक घर को आग लगा दी गई। यह अशांति पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी अवामी लीग की ओर से बृहस्पतिवार को देशव्यापी लॉकडाउन के आह्वान के बाद हुई।

छत्तीसगढ़ में चक्रवात 'अकवान' का असर कल-परसों भारी बारिश का अलर्ट

रायपुर, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'अकवान' का असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी दिखाई देने लगा है। प्रदेश में तापमान में गिरावट, आसमान में बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं के चलते ठंड बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 20 और 21 नवंबर को बस्तर संभाग में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम में इस बदलाव से आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है। राजधानी रायपुर में 19 नवंबर को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रह सकता है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।



पिछले दो दिनों में तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बीते 18 नवंबर को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा और कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। तापमान की बात करें तो रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, 20 और 21 नवंबर को छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित कुछ इलाकों में हल्की से भारी बारिश के साथ गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बस्तर संभाग के साथ मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भी मौसम का असर देखने को मिल सकता है। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। गरज-चमक और आकाशीय बिजली के दौरान खुले मैदानों में जाने से बचें। बिजली के खंभों और पेड़ों के नीचे खड़े न हों। तेज हवाओं के दौरान कमजोर ढांचों और होर्डिंग से दूरी बनाए रखें।

धान खरीदी केंद्र अछोटा का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया आकस्मिक निरीक्षण

किसानों से किया सीधा संवाद, खरीदी व्यवस्था को सुगम एवं पारदर्शी बनाए रखने के दिए निर्देश

धमतरी, 19 नवम्बर (हाईवे चैनल)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज धान खरीदी केंद्र अछोटा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में धान खरीदी की व्यवस्था, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, पंजीयन, टोकन एवं उपार्जन संबंधी प्रक्रियाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में उनका फीडबैक लिया। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन, टोकन प्राप्त करने तथा धान विक्रय की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए और खरीदी केंद्र में पेयजल, बैठने सहित आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने किसानों को शासन की कृषक उन्नति योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने किसानों को योजना के लाभ एवं संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन किसानों की आर्थिक उन्नति और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को यह सुझाव भी दिया कि पतले धान के विक्रय से पहले मंडी में मिलने वाली कीमत की जानकारी अवश्य लें। मंडी में पतले धान का बेहतर मूल्य मिलने की संभावना होने पर किसान वहां विक्रय के विकल्प पर भी विचार कर सकते हैं। इसके पश्चात कलेक्टर ने मंडी बोर्ड द्वारा निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पीयूष तिवारी, जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, सहकारी समिति के उप संचालक प्रदीप ठाकुर, मार्कफेड के सुनील सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



कृषक उन्नति योजना की दी जानकारी, प्रति एकड़ 13,839 रुपये आदान सहायता के प्रावधान से कराया अवगत